# अभ्यास प्रश्न - पत्र ( कक्षा: 8) विषय: विज्ञान )

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए: (10 x 2 = 10 अंक)**

**क**. फसल की बुवाई में उपयोग किया जाने वाला आधुनिक उपकरण है:
(क) हल (ख) कुदाली (ग) सीड-ड्रिल (घ) रहट

**ख.** सजीवों में रोग फैलाने वाले सूक्ष्मजीवों को क्या कहते हैं?
(क) रोगाणु (ख) वाहक (ग) एंटीबॉडी (घ) प्रतिजैविक

**ग.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जीवाश्म ईंधन है?
(क) लकड़ी (ख) पवन (ग) कोयला (घ) सौर ऊर्जा

**घ.** कोशिका का 'शक्ति केंद्र' (Powerhouse) किसे कहा जाता है?
(क) केंद्रक (ख) रिक्तिका (ग) माइटोकॉन्ड्रिया (घ) कोशिका झिल्ली

**च.** ध्वनि की प्रबलता किस पर निर्भर करती है?
(क) आवृत्ति पर (ख) आयाम पर (ग) तरंगदैर्ध्य पर (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 2.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: (10 x 1 = 10 अंक)**

11. खरपतवार हटाने की प्रक्रिया को _________ कहते हैं।
12. नर युग्मक और मादा युग्मक के संलयन को _________ कहते हैं।
13. घर्षण एक-दूसरे के संपर्क में रखी दो वस्तुओं की सतहों के बीच _________ का विरोध करता है।
14. वाहनों के लिए सबसे कम प्रदूषक ईंधन _________ है।

**प्रश्न 3.सत्य/असत्य लिखिए:( अंक - 10)**

16. अमीबा एककोशिकीय जीव है। ( )
17. कंपन की आवृत्ति जितनी अधिक होगी, ध्वनि का तारत्व उतना ही कम होगा। ( )
18. दहन के लिए ऑक्सीजन आवश्यक है। ( )
19. सोडियम एक बहुत ही कम अभिक्रियाशील धातु है। ( )
20. मादा हॉर्मोन को टेस्टोस्टेरोन कहते हैं। ( )

**प्रश्न 4.(अति लघु उत्तरीय प्रश्न) (8 x 2 = 16 अंक)**

* खरीफ और रबी की फसल के दो-दो उदाहरण दीजिए।
* सूक्ष्मजीवों के मुख्य चार वर्ग कौन-कौन से हैं?
* 'विस्थापन अभिक्रिया' किसे कहते हैं? एक उदाहरण दीजिए।
* दहन के लिए आवश्यक तीन परिस्थितियाँ कौन-सी हैं?
* अंतःस्रावी ग्रंथियाँ क्या हैं? किन्हीं दो के नाम लिखिए।
* घर्षण को कम करने के दो उपाय बताइए।
* 'आवृत्ति' (Frequency) को परिभाषित कीजिए और इसका मात्रक लिखिए।
* तारों और ग्रहों में कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 5 ' (लघु उत्तरीय प्रश्न) (6 x 4 = 24 अंक)**

1. सिंचाई किसे कहते हैं? जल संरक्षण करने वाली सिंचाई की दो विधियों का वर्णन कीजिए।
2.प्रतिजैविक (Antibiotics) लेते समय हमें क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए?
3. पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (PCRA) द्वारा पेट्रोल/डीजल बचाने के लिए दिए गए सुझाव क्या हैं?
4. वनोन्मूलन (Deforestation) के तीन हानिकारक प्रभाव लिखिए।
5. पादप कोशिका और जंतु कोशिका में तीन मुख्य अंतर स्पष्ट कीजिए।
6. संपर्क और असंपर्क बल को उदाहरण सहित समझाइए।

**प्रश्न 6.' (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) (4 x 5 = 20 अंक)**

1. मनुष्य में लिंग निर्धारण की प्रक्रिया को रेखाचित्र द्वारा समझाइए।
2. घर्षण एक 'हानिकारक मित्र' है। इस कथन की पुष्टि उदाहरण देकर कीजिए।
3. शोर प्रदूषण क्या है? इसके स्रोत और इससे होने वाली हानियों का वर्णन कीजिए।
4.एक मोमबत्ती की ज्वाला का नामांकित चित्र बनाइए और इसके विभिन्न क्षेत्रों को समझाइए।